बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रकाशित RFP के आलोक में M/s ICA Edu Skills Pvt.Ltd. को कुल 7 BSDC यथा–(i) गोह, औरंगाबाद (ii) पंडारक, पटना (iii) दावथ, रोहतास (iv) नासरीगंज, रोहतास (v) नौहट्टा, रोहतास (vi) राजपुर, रोहतास (vii) रोहतास सदर, रोहतास आवंटित किया गया था।

M/s ICA Edu Skills Pvt.Ltd. के द्वारा उन्हें आवंटित 7 BSDC में से 2 BSDC यथा–1.BSDC राजपुर KYP code 06060033 2. BSDC नौहट्टा KYP code 06060032 में माह सितम्बर, 2019 एवं मई, 2019 के उपरान्त से नामांकन नहीं लिया गया और न हीं नामांकन बंद किये जाने के संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन को किसी भी प्रकार की सूचना दी गयी एवं स्वतः संचालन बंद कर दिया गया। संस्था से संबंधित मामले में ईमेल के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछा गया था। संस्था के द्वारा ईमेल का जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया।

संस्था के उक्त कृत से स्वतः स्पष्ट है कि संस्था को इस संबंध में कुछ भी नहीं कहना है।

अतएव M/s ICA Edu Skills Pvt.Ltd. के द्वारा उन्हें आवंटित BSDC में से 2 BSDC यथा–1.BSDC राजपुर KYP code 06060033 2. BSDC नौहट्टा KYP code 06060032 का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द करते हुए संस्था के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में जमा की गयी उक्त केन्द्रों से संबंधित सुरक्षित जमा राशि को जब्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

02.03.21

(रंजिता)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी।
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–94 / 2019– 147 पटना,दिनांक– 03/03/2021

प्रतिलिपि– (1) M/s ICA Edu Skills Pvt.Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Yको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ सहायक निदेशक, नियोजन/ मिशन प्रबंधक(कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन)/ मिशन प्रबंधक (समन्वय) बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

02.03.21

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी।
बिहार कौशल विकास मिशन ।